**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि देश सही मायने तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान बिरसा ने मातृभूमि की आन–बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के पावन अवसर पर कोटि–कोटि नमन।

*****************

राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए उनकी कुर्बानी शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती।

*****************

इधर, लोहरदगा में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शंख नदी के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, गुमला जिले में भी जिला प्रशासन की ओर से बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उधर धनबाद के बैंक मोड़ स्थित बिरसा चौक में भी जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शोर्य, साहस और पराकर्म को याद किया।

*****************

दूसरे चरण में 20 नवंबर को बोकारो में चुनाव होना है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*****************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी में आयोजित कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यवासियो को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा की झारखंड में असीम संभावनाएं हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कॉन्क्लेव में लगे विभिन्न स्टलों का निरीक्षण भी किया। वहीं एनआईटी के निदेशक डॉक्टर गौतम सूत्रधार ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग जगत के दिग्गजों, अकादमिक विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और छात्रों को एक साथ एक मंच पर लाकर नवाचार को बढ़ावा देना और गंभीर औद्योगिक चुनौतियों पर चर्चा करना है।

*****************

गुरु नानक जयंती पर गुरुपर्व आज देश–विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ,उपराष्ट्रंपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

*****************

आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देशभर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नदियों में डुबकी लगाकर पवित्र स्नान किया। इधर हजारीबाग के खपरियांवा के नृसिंह मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। 450 साल पुराने इस नृसिंह मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले को स्थानीय लोग कैतारी मेला भी कहते हैं। यहां भगवान विष्णु के अवतार भगवान नृसिंह की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है,वहीं गर्भ गृह में भगवान विष्णु के साथ स्थापित शिवलिंग जमीन से तीन फीट नीचे है।

********समाप्त********